an>

Title: Need to utilise the vacant/unutilised land in the cantonment areas of the country.

श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर) : अध्यक्ष महोदया, आज 'अगस्त क्रांति दिवस' है। देश के क्रांति वीरों ने अंग्रेजों को किस प्रकार से देश से बाहर निकाला, इससे हम सब लोग भलीभांति परिचित म। डिफेंस एस्टाब्लिशमेंट के काम से किस तरह से पूरे देश के लोग हैरान और परेशान हैं और आप भी भुक्तभोगी हैं। मुम्बई जैसे शहर में, डिफेंस एस्टाब्लिशमेंट के बाजू में जो भवन निर्माण का काम चल रहा है, उसे छः साल पूरे होने को आए हैं। चार साल कांग्रेस के राज्य में और दो साल हमारी स्वयं की सरकार आने के बाद, यानी छः साल हो गए हैं, लेकिन इस मसले का कोई अन्त नहीं हुआ है। मैं महाराÂष्ट्र के मुख्यमंत्री को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने तीन सर्कुलर निकाले। मैं केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर परिकर जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने दो सर्कुलर निकाले। इतना सब होने के बाद डिफेंस अधिकारी टस से मस नहीं हो रहे हैं और एक इंच भी काम आगे नहीं बढ़ा है।

मैं आपके माध्यम से सदन को जानकारी देना चाहता हूं कि महाराÂष्ट्र मुख्यमंत्री ने अंतिम निर्णय लिया है कि वह स्वयं सर्कुलर निकालकर काम को आगे बढ़ाएंगे। डिफेंस मिनिस्टर ने भी मुझे दो दिन पहले कहा था कि वह अंतिम सर्कुलर निकाल रहे हैं। मैं आपके माध्यम से सभा को जानकारी देना चाहता हूं कि अगर 15 दिन के अंदर इस बात का निपटारा नहीं होता है मैं सांसद होने के नाते अगले सत्र को न अटैंड करने का निर्णय लेता हूं। आप मेरी मदद कीजिए। मैं अपनी भावना आपके माध्यम से व्यक्त करना चाहता हूं। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : शेट्टी जी, नहीं आने से कुछ नहीं होता है, रोज आओ और रोज बात उठाओ।

â€¦(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र और कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री गोपाल शेट्टी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।